an>

Title: Need to construct a Railway Over Bridge at Jugsalai in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के जुगसलाई आर.ओ.बी. (रेलवे ओवर ब्रिज) को 5 वर्ष पूर्व ही स्वीकृति मिल चुकी है। इस रेलवे ट्रैक से दिल्ली एवं मुम्बई जाने वाली मुख्य ट्रेन चलती है तथा माइन्स एरिया होने के कारण गुड्स टेन भी चलती है, यह औद्योगिक क्षेत्र है। टाटा स्टील जैसे कई बड़ी-बड़ी कंपनियां स्थापित हैं तथा लगभग हज़ारों थोक विक्रेता दुकानदार हैं, जिनको प्रतिदिन रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है, जिससे लोगों का आना-जाना लगा रहता है। यह लाइन काफी व्यस्त रहती है जिसके कारण 30-40 लोगों की प्रतिवर्ष लाईन पार करने में कट कर मृत्यु हो जाती है। इस आर.ओ.बी. (रेलवे ओवर ब्रिज) का बनना जनहित एवं लोकहित में व्यापक जरूरी है। लेकिन 100 प्रतिशत लोगों का कहना है कि यहां पर बड़ी-बड़ी बिल्डिंग होने के कारण सीधी-सीधी आर.ओ.बी. (रेलवे ओवर ब्रिज) बन ही नहीं सकता क्योंकि सीधी होने पर एवं मकान टूटने पर मुआवजा 300 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। ये पैसा न रेलवे के पास है और न ही राज्य सरकार के पास जबकि 30 किलोमीटर एवं 20 किलोमीटर की दूरी पर यूटर्न आर.ओ.बी. (रेलवे ओवर ब्रिज) काण्ड्रा एवं घाटशिला में बन चुका है। राज्य सरकार ने विगत 50-60 साल से अतिक्रमण की शिकार रेलवे जमीन को इसके लिए खाली करवाया है कि यूटर्न आर.ओ.बी. (रेलवे ओवर ब्रिज) बन सके, जिससे कि लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सके। इस आर.ओ.बी. (रेलवे ओवर ब्रिज) के निर्माण को निचले स्तर के रेलवे पदाधिकारियों के द्वारा टाल कर रखा गया है।

अतः माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि उपरोक्त विषय को देखते हुए अविलम्ब जुगसलाई आर.ओ.बी. (रेलवे ओवर ब्रिज) के निर्माण कार्य को चालू किया जाये।